पाक्षिक



खबर आस पास

भारत सरकार से मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

'जिस व्यक्ति ने कभी गलती नहीं की, उसने कभी कुछ नया करने की कोशिश नहीं की।'

संपादक : सत्येन्द्र राजवंशी मो. 9587570001 Email : khabaraaspass@gmail.com

वर्ष : 1 | अंक : डिजिटल | बीकानेर : रविवार 27 सितम्बर 2026 | पृष्ठ : 4 | मूल्य : 1.00 रुपया

# चुनाव आयुक्त पर ममता का तंज-वे ज्ञानेश नहीं, गायब कुमार : वोटर्स के नाम काटे, उन्हें जाना होगा; राहुल का आरोप- चुनावों में फिक्सिंग की

**नई दिल्ली एजेन्सी।** एसआईआर विवाद और चुनाव आयोग में आयुक्तों के बीच मतभेद के सामने आने के बाद मुख्य चुनाव आयुक्त लगातार विपक्ष के निशाने पर हैं।

पूर्व बंगाल सीएम ममता बनर्जी ने उन्हें 'वैनिश' कुमार यानी गायब कुमार कह दिया है। उन्होंने ज्ञानेश कुमार पर स्ढ्ढक्रके दौरान वोटर लिस्ट से वोटरों के नाम 'गायब' करने का आरोप लगाया।

हुगली में शनिवार को पार्टी की रैली के दौरान ममता ने मांग की है कि ज्ञानेश को जाना होगा, जब तक यह मुद्दा हल नहीं हो जाता, पार्टी उनका विरोध करती रहेगी।

ममता की पार्टी के सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा है कि सिर्फ 'कॉकरोच जनता पार्टी' (CJP) ही CEC ज्ञानेश कुमार को हटा सकती है।

इधर, राहुल गांधी ने भी ङ्ग पर लिखा- ज्ञानेश कुमार को मोदी और शाह ने अंपायर बनाकर भारत के चुनावों में मैच फिक्सिंग का जिम्मा सौंप दिया।

**I.N.D.I.A. ब्लॉक में बैठक को लेकर चर्चा जारी**

विपक्षी दलों का एक वर्ग I.N.D.I.A. ब्लॉक की जल्द बैठक बुलाने के पक्ष में है। इसमें चुनाव आयोग के मुद्दे पर मिलकर आगे की रणनीति तय करने की बात हो रही है। हालांकि, अब तक गठबंधन ने कोई साझा एक्शन प्लान जारी नहीं किया है।

CPI(ML) लिबरेशन के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य भी राहुल




गांधी से स्ढ्ढक्रके मुद्दे पर I.N.D.I.A. ब्लॉक की बैठक बुलाने की बात कह चुके हैं। वहीं, एमए बेबी 27 सितंबर को ्रक्क प्रमुख अरविंद केजरीवाल से मुलाकात करने वाले हैं।

**ज्ञानेश कुमार को लेकर विपक्ष के अन्य नेताओं के बयान**

**प्रियंका गांधी:** उन्होंने ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की और चुनाव आयुक्त को उपलब्ध कानूनी सुरक्षा को हटाने की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने चुनाव आयोग को जवाबदेही से बचाने के लिए ये सुरक्षा उपाय लागू किए थे।

**डेरेक ओ ब्रायन:** तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव ने शनिवार को कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने की विपक्ष की मांग चुनाव आयोग के खिलाफ उनके अभियान का केंद्र बनी हुई है।

**केसी वेणुगोपाल:** CEC ज्ञानेश कुमार को 'जुडास' (धोखेबाज) कहा और कहा कि यह शर्म की बात है कि वह केरलम कैडर के अधिकारी थे।

**SIR को लेकर विवाद, कांग्रेस ने देशभर में प्रदर्शन किया**

यह मामला चुनाव आयोग के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) को लेकर चल रहे विवाद के बीच सामने आया है।

इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि दो चुनाव आयुक्तों ने पिछले 10 महीनों में चुनाव आयोग के फैसलों पर 14 बार आपत्ति जताई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं की गई। चुनाव से जुड़े कुछ आदेशों और कथित सॉफ्टवेयर बदलावों को लेकर सुप्रीम कोर्ट में भी याचिका दाखिल की गई है।

**दो चुनाव आयुक्तों ने 4 बड़े सवाल उठाए**

1. **फॉर्म-6 में बदलाव:** नए वोटरों से पिछली SIR लिस्ट में खुद या परिवार के नाम की जानकारी मांगने पर दोनों ने सवाल उठाया। संधू ने इसे गैरकानूनी बताते हुए हटाने की मांग की।
2. **वोटर डेटा का कंट्रोल:** दोनों ने सवाल किया कि वोटर डेटाबेस का कंट्रोल दिल्ली में क्यों बढ़ रहा है और राज्यों की पहुंच क्यों सीमित हो रही है।
3. **बंगाल में 16 लाख अपीलें:** संधू ने पूछा कि हटाए गए नामों को लेकर करीब 16 लाख अपीलें किसने और किसकी अनुमति से दायर कीं।
4. **गोवा के 97 वोटर:** जांच में योग्य पाए गए 97 वोटरों को सॉफ्टवेयर की समस्या के कारण अंतिम लिस्ट में नहीं जोड़ा जा सका।

# गहलोत बोले- बीजेपी निकायों को लूटने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी

## जनता में धारणा, भाजपा ने धनबल से बनाए मेयर-चेयरमैन, पहली बार सत्ता का ऐसा दुरुपयोग हुआ



**जयपुर कासं।** पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने निकाय चुनावों में भाजपा सरकार पर सरकारी संसाधनों के दुरुपयोग का आरोप लगाया है। गहलोत ने ङ्ग पर लिखा- राजस्थान में नगरीय निकाय चुनाव पूरे हो गए हैं, अफसोस है कि जिस तरह का चुनाव इस बार राजस्थान में हुआ है उसमें अनैतिकता की सारी हदें सत्ताधारी भाजपा ने पार कर दीं।

गहलोत ने कहा- जब नए मेयर या सभापति बनते हैं तो शहरवासियों में एक स्वाभाविक उत्साह होता है कि शहर को प्रथम नागरिक मिला है, लेकिन इस बार वो बात नदारद है। इसका कारण यही है कि जनादेश का सम्मान नहीं हुआ है।

जनता में यह धारणा बन गई है कि भाजपा ने धनबल के आधार पर मेयर, चेयरमैन बनाए हैं और भाजपा अब निकायों को लूटने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

**पति-पत्नी तक के वोट अलग-अलग वार्ड में बंट गए**

गहलोत ने लिखा- पहले मनमर्जी का परिसीमन किया, जिसमें कांग्रेस समर्थित 3-4 वार्डों को मिलाकर एक कर दिया और भाजपा समर्थक इलाकों में एक वार्ड को 2-3 वार्डों में बांट दिया। इस हद तक बेईमानी की गई कि पति-पत्नी के वोट, एक ही घर में रहने वाले एक ही परिवार के सदस्यों के वोट अलग-अलग वार्ड में बंट गए।

इतना ही नहीं, इसके बाद भी एक साल तक चुनावों को टालते रहे। हाईकोर्ट की फटकार के बाद चुनाव करवाने को मजबूर हुए। मेयर और चेयरमैन के चुनावों के लिए पुलिस, प्रशासन और धनबल का दुरुपयोग किया गया।

**पहली बार सत्ता और धनबल का हुआ ऐसा दुरुपयोग**

गहलोत ने लिखा- आजादी के बाद इन चुनावों में पहली बार सत्ता और धनबल का ऐसा दुरुपयोग राजस्थान में हुआ जो चिंताजनक और दुखदायी है। यह सभी मतदाताओं, विशेषकर पहली बार वोट डालने वाले युवाओं, जेन जी के लिए भी चिंता का विषय है।

**कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों ने सत्ता से लड़कर जीत हासिल की**

गहलोत ने लिखा- नगरीय निकाय चुनाव में जीतने वाले कांग्रेस के सभी नवनिर्वाचित जन प्रतिनिधि बधाई के पात्र हैं। आपने सत्ता के खिलाफ बड़ी लड़ाई लड़कर जीत हासिल की है और जनता का विश्वास हासिल किया है।

कांग्रेस की ताकत उसकी विचारधारा में आमजन का विश्वास और जुड़ाव है। राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे के नेतृत्व में चल रही लड़ाई में हम सबको पूरी प्रतिबद्धता से उनका साथ देना है। आने वाले दिनों में पंचायतीराज चुनावों में भी मजबूती से भाजपा का सामना कर कांग्रेस को जीत

# जयपुर के प्राइवेट हॉस्पिटल में आग से मची भगदड़

## परिजन मरीजों को लेकर बाहर भागे; अस्पताल परिसर में खुले में गुजारनी पड़ी रात

**जयपुर कासं।** जयपुर-दिल्ली हाईवे पर स्थित निम्स हॉस्पिटल में शुक्रवार देर रात 11 बजे आग लग गई। आग से अफरा-तफरी मच गई। परिजन वार्डों से मरीजों को बाहर खुले में ले गए। शुरुआती जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। मामला चंदवाजी इलाके का है। पुलिस ने बताया- निम्स हॉस्पिटल और मेडिकल कॉलेज के ग्राउंड फ्लोर पर मौजूद ऑपरेशन थिएटर की छत की फॉल सीलिंग में आग की लपटें उठने लगी। देखते ही देखते आग से ओटी और एमआईसीयू एरिया में धुआं भर गया।

आग का पता चलने पर हॉस्पिटल में मौजूद मरीज और उनके परिजनों में हड़कंप मच गया। पुलिस और हॉस्पिटल प्रबंधन ने मरीजों को वार्ड से बाहर निकाला। कुछ मरीजों को परिजन खुद ही बाहर ले गए।

आग लगने पर हॉस्पिटल प्रबंधन से जुड़े कर्मचारी इधर-उधर भागते रहे। आग बुझाने के उचित उपाय नहीं होने से समय पर राहत नहीं मिल सकी। गंभीर मरीजों को हॉस्पिटल से बाहर ही खुले में रात बितानी पड़ी।

# जयपुर नगर निगम की डिप्टी मेयर बनीं सरोज कंवर

## पहली बार पार्षद चुनाव जीतकर राजनीति में आईं, कांग्रेस के सलमान मंसूरी हारे







**जयपुर कासं।** जयपुर नगर निगम में भाजपा की सरोज कंवर डिप्टी मेयर बन गई हैं। वे निगम की पहली महिला डिप्टी मेयर हैं, इससे पहले कोई महिला इस पद पर नहीं रही हैं। आज कुल 149 पार्षदों ने अपना मत दिया था। कांग्रेस पार्षद वंदिता शर्मा पैर में चोट के कारण वोट देने नहीं पहुंची। ऐसे में 149 पार्षद ही वोटिंग में शामिल हुए। कांउटिंग में 89 वोट सरोज कंवर और कांग्रेस के सलमान मंसूरी को 58 वोट मिले हैं। एक वोट नोटा और एक वोट खारिज हुआ है।

सरोज कंवर ने कांग्रेस दावेदार सलमान मंसूरी को हराया है। सरोज कंवर भाजपा के पूर्व प्रदेश मंत्री




रणजीत सिंह सोडाला की पत्नी है। पहली बार पार्षद चुनाव जीतकर डिप्टी मेयर के पद तक पहुंचीं हैं।

रणजीत रावणा राजपूत समाज के भी प्रदेश अध्यक्ष हैं। पहली बार उनकी पत्नी को टिकट दिया गया है।

जोधपुर में भी भाजपा के विजय सिंह पंवार डिप्टी मेयर बने हैं। उन्होंने कांग्रेस के प्रत्याशी अब्दुल करीम जॉनी को 4 वोट से हराया। विजय सिंह पंवार को 52 वोट और अब्दुल करीम जॉनी को 48 वोट मिले।

कोटा में डिप्टी मेयर के चुनाव में भाजपा के विवेक राजवंशी की निर्विरोध जीते। जीत से पहले ही उनके समर्थकों ने जश्न मनाना शुरू कर दिया था और डांस करते हुए नोट उड़ाए थे। इस दौरान विवेक भी डांस कर रहे थे। यहां कांग्रेस ने उम्मीदवार नहीं उतारा था। 1 दिन पहले हुए मेयर चुनाव में यहां कांग्रेस पार्षदों ने क्रॉस वोटिंग की थी।

सीकर की खाटूश्यामजी नगर पालिका में पालिकाध्यक्ष के चुनाव में कांग्रेस की विनीता ने भाजपा की प्रेमदेवी को 1 वोट से हराया।

# 14 साल के छात्र की हार्ट अटैक से मौत

## सुबह सीने में दर्द उठा,अस्पताल में मृत घोषित; 5 महीने में इलाके में 3 की जान गई



करण (14)

**दौसा कासं।** दौसा के महवा में 14 साल के करण की हार्ट अटैक से मौत हो गई। सुबह 5 बजे करण के सीने में अचानक दर्द हुआ था। परिजन उसे निजी अस्पताल में लेकर गए जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। करण के पिता महेन्द्र मीणा जयपुर में रहकर मजदूरी करते हैं। वह उनके साथ वहां रहकर 8वीं क्लास में पढ़ाई कर रहा था। महेन्द्र मीणा ने बताया- सुबह 5 बजे करण के सीने में अचानक तेज दर्द हुआ। मैं सो रहा था उसने मुझे इसके बारे में बताया। मैं उसको जेएनयू अस्पताल में लेकर गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। करण मेरे साथ ही जयपुर में रहता था। वह 8वीं क्लास में पढ़ाई कर रहा था। करण की मां और एक बहन और भाई गांव गोयावास में ही रहते हैं।

मौत के बाद करण को गांव लाया गया। गांव में 1 बजे उसका अंतिम संस्कार किया गया।

# पाकिस्तानी पीएम की धमकी- पानी रोकना जंग जैसा


## यूएन में शहबाज बोले- कश्मीर गले की नस; भारत का जवाब- अवैध कब्जे वाले कश्मीर की हालत देखें

**नई दिल्ली एजेन्सी।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने शुक्रवार को ह्र में भारत को जंग की धमकी दी। उन्होंने कहा कि भारत सिंधु नदी का पानी न रोके। पानी रोकने की कोशिश को पाकिस्तान युद्ध की कार्रवाई मानेगा।

शहबाज शरीफ ने ह्र में कश्मीर का मुद्दा भी उठाया। शहबाज ने कहा कि कश्मीर हमारे लिए गर्दन की नस है। कश्मीर का मुद्दा उठाने पर ह्र में भारत की फर्स्ट सेक्रेटरी पेटल गहलोत ने कहा कि पाकिस्तान को अवैध कब्जे वाले कश्मीर (PoK) की हालत देखनी चाहिए।

**पहलगाम हमले और भारत-पाकिस्तान संघर्ष का जिक्र**

शहबाज शरीफ ने अपने भाषण में पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की सेना ने फील्ड मार्शल आसीम मुनीर के नेतृत्व में सटीक जवाब दिया।



उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तारीफ करते हुए कहा कि मई 2025 में दोनों देशों के बीच तनाव कम कराने और युद्ध जैसी स्थिति टालने में उनकी भूमिका अहम रही।

शहबाज ने कहा कि ट्रम्प की कोशिशों से बड़ा टकराव टल गया। इसका 87 सेकेंड का वीडियो ट्रम्प ने शुक्रवार को बिना किसी टिप्पणी के ट्रुथ सोशल पर शेयर किया।

शहबाज ने यह भी कहा कि दक्षिण एशिया में फिर से ऐसे हालात नहीं बनने चाहिए। उनके मुताबिक, इसके लिए कश्मीर मुद्दे का समाधान जरूरी है।

**सिंधु जल संधि पर भारत के कदम को बताया गैरकानूनी**

शहबाज ने कहा कि पिछले साल भारत-पाकिस्तान संघर्ष के बाद भारत ने इस संधि को एकतरफा रोक दिया, जिसका कोई कानूनी आधार नहीं है। शहबाज ने दावा किया कि ह्र के विशेषज्ञों और स्थायी मध्यस्थता अदालत ने भी इस मामले में भारत के दावों और कदमों को खारिज किया है। उन्होंने कहा कि इससे पाकिस्तान का रुख सही साबित हुआ है। अप्रैल 2025 में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने सिंधु जल संधि पर रोक लगा दी थी। हमले में 26 लोगों की मौत हुई थी। भारत का आरोप है कि हमले में शामिल आतंकियों को पाकिस्तान का समर्थन था।

## जयशंकर का पाकिस्तानी पत्रकार पर तंज: कहा-

# अब आतंकी देश मुझसे सवाल पूछेगा; जर्नलिस्ट ने भारत पर पाक में आतंकवाद फैलाने का आरोप लगाया था

**नई दिल्ली एजेन्सी।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को एक पाकिस्तानी रिपोर्टर पर तंज कसा। रिपोर्टर ने भारत पर पाकिस्तान में आतंकवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। इस पर जयशंकर ने कहा, 'एक आतंकवादी देश मुझसे यह सवाल पूछ रहा है।' रिपोर्टर के सवाल का जवाब देने के बाद वे मुस्कुराए और वहां से निकल गए।

दरअसल, संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर मीडिया के सवालों का जवाब दे रहे थे। इस दौरान भारत की विदेश नीति, वैश्विक सुरक्षा और आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई पर बातचीत हो रही थी।

**4 साल पहले भी ऐसा ही जवाब दिया था**

इससे पहले दिसंबर 2022 में न्यूयॉर्क में एक पाकिस्तानी पत्रकार ने जयशंकर से पूछा था कि दक्षिण एशिया आखिर कब तक भारत, अफगानिस्तान और पाकिस्तान से जुड़े आतंकवाद का सामना करता रहेगा।

इस पर जयशंकर ने कहा था,

आप गलत मंत्री से सवाल पूछ रहे हैं। पाकिस्तान कब तक आतंकवाद जारी रखना चाहता है, यह पाकिस्तान के मंत्री बताएंगे।

**भारत-पाकिस्तान के बीच आतंकवाद बड़ा विवाद**

भारत लंबे समय से पाकिस्तान पर सीमा पार



आतंकवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाता रहा है। पाकिस्तान इन आरोपों से इनकार करता है। दोनों देशों के बीच आतंकवाद का मुद्दा लंबे समय से अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठता रहा है।

भारत ने अप्रैल 2025 के पहलगाम आतंकी हमले का भी मुद्दा अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाया है। इस हमले में 26 लोगों की मौत हुई थी। इसके बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था।

भारत ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान में मौजूद या वहां से संचालित होने वाले आतंकी संगठनों और आतंकवाद की फंडिंग का मुद्दा भी उठाया है। वहीं, पाकिस्तान भारत के आरोपों को खारिज करता रहा है।

**जयशंकर ने समुद्री जहाजों पर हमलों का मुद्दा उठाया**

जयशंकर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में खाड़ी, लाल सागर और ब्लैक सी में व्यापारिक जहाजों पर बढ़ते हमलों का मुद्दा भी उठाया।


उन्होंने कहा कि ये अब कभी-कभार होने वाली घटनाएं नहीं रह गई हैं। समुद्री रास्तों पर ऐसे हमले दुनिया के व्यापार और लोगों की सुरक्षा के लिए चिंता का विषय हैं।

# विधायक सेवा केंद्र पर नवनियुक्त पार्षदों के साथ बैठक समस्याओ पर हुई चर्चा

(खबर आस पास)

**श्रीडूंगरगढ़ बीकानेर तोलाराम मारू।** श्रीडूंगरगढ़ शहर की मूलभूत सुविधाओं, पेयजल व्यवस्था एवं विकास कार्यों को लेकर श्रीडूंगरगढ़ विधायक श्री ताराचंद सारस्वत के विधायक सेवा केंद्र पर नवनियुक्त पार्षदों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर की पेयजल व्यवस्था सहित विभिन्न जनसमस्याओं एवं आवश्यक विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में श्रीडूंगरगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष श्री नारायण कलानी एवं उपाध्यक्ष विनोद गिरी, पार्षद आईदान पारीक, पार्षद पवन उपाध्याय, श्याम पारीक सहित सभी नवनियुक्त पार्षदों ने शहर की पेयजल व्यवस्था से संबंधित समस्याओं को विधायक के समक्ष रखा। पार्षदों ने विशेष रूप से बंद पड़े ट्यूबवेलों को पुन: चालू करवाने, पेयजल आपूर्ति को सुचारु बनाने तथा आमजन को हो रही पानी की समस्या का शीघ्र समाधान करवाने की मांग रखी। इसके साथ ही शहर से जुड़े अन्य विकास एवं जनहित के विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा की गई।



बैठक के पश्चात नवनियुक्त पार्षदों ने विधायक श्री ताराचंद सारस्वत को ज्ञापन सौंपकर बंद पड़े ट्यूबवेलों को शीघ्र चालू करवाने एवं शहर की पेयजल व्यवस्था को सुचारु बनाने की मांग रखी।

विधायक श्री ताराचंद सारस्वत ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता की और पेयजल समस्या के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। विधायक ने अधिकारियों से कहा कि बंद पड़े ट्यूबवेलों की स्थिति की जांच कर उन्हें जल्द से जल्द चालू करवाया जाए तथा शहर में पेयजल आपूर्ति को सुचारु किया जाए, ताकि आमजन को राहत मिलविधायक सेवा केंद्र पर नवनियुक्त पार्षदों के साथ बैठक समस्याओ पर हुई चर्चा। श्रीडूंगरगढ़ बीकानेर तोलाराम मारू

श्रीडूंगरगढ़ शहर की मूलभूत सुविधाओं, पेयजल व्यवस्था एवं विकास कार्यों को लेकर श्रीडूंगरगढ़ विधायक श्री ताराचंद सारस्वत के विधायक सेवा केंद्र पर नवनियुक्त पार्षदों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर की पेयजल व्यवस्था सहित विभिन्न जनसमस्याओं एवं आवश्यक विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में श्रीडूंगरगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष श्री नारायण कलानी एवं उपाध्यक्ष विनोद गिरी, पार्षद आईदान पारीक, पार्षद पवन उपाध्याय, श्याम पारीक सहित सभी नवनियुक्त पार्षदों ने शहर की पेयजल व्यवस्था से संबंधित समस्याओं को विधायक के समक्ष रखा। पार्षदों ने विशेष रूप से बंद पड़े ट्यूबवेलों को पुन: चालू करवाने, पेयजल आपूर्ति को सुचारु बनाने तथा आमजन को हो रही पानी की समस्या का शीघ्र समाधान करवाने की मांग रखी। इसके साथ ही शहर से जुड़े अन्य विकास एवं जनहित के विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा की गई।

बैठक के पश्चात नवनियुक्त अन्य पार्षदों ने विधायक श्री ताराचंद सारस्वत को ज्ञापन सौंपकर बंद पड़े ट्यूबवेलों को शीघ्र चालू करवाने एवं शहर की पेयजल व्यवस्था को सुचारु बनाने की मांग रखी।

विधायक श्री ताराचंद सारस्वत ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता की और पेयजल समस्या के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। विधायक ने अधिकारियों से कहा कि बंद पड़े ट्यूबवेलों की स्थिति की जांच कर उन्हें जल्द से जल्द चालू करवाया जाए तथा शहर में पेयजल आपूर्ति को सुचारु किया जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

विधायक श्री ताराचंद सारस्वत ने कहा कि जनता की मूलभूत सुविधाओं से जुड़े विषयों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करवाना उनकी जिम्मेदारी है। शहर में पेयजल सहित अन्य जनसमस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों के साथ लगातार समन्वय किया जाएगा और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

उन्होंने कहा कि शहर के विकास और आमजन की सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए जनहित के मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए उनके समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

नवनियुक्त पार्षदों ने जनसमस्याओं को गंभीरता से सुनने, तत्काल संबंधित अधिकारियों से वार्ता करने तथा पेयजल समस्या के समाधान के निर्देश देने के लिए विधायक श्री ताराचंद सारस्वत का आभार व्यक्त किया।घ सके।

विधायक श्री ताराचंद सारस्वत ने कहा कि जनता की मूलभूत सुविधाओं से जुड़े विषयों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करवाना उनकी जिम्मेदारी है। शहर में पेयजल सहित अन्य जनसमस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों के साथ लगातार समन्वय किया जाएगा और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

उन्होंने कहा कि शहर के विकास और आमजन की सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए जनहित के मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए उनके समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

नवनिर्वाचित पार्षदों ने जनसमस्याओं को गंभीरता से सुनने, तत्काल संबंधित अधिकारियों से वार्ता करने तथा पेयजल समस्या के समाधान के निर्देश देने के लिए विधायक श्री ताराचंद सारस्वत का आभार व्यक्त किया।



## विकसित भारत जन सेवा अभियान 2026

# शिविर में सुपोषण दिवस पर सामुदायिक कार्यक्रम, गर्भवती कमला देवी की हुई गोद भराई

(खबर आस पास)

**बीकानेर श्रेयांस बैद।** विकसित भारत जन सेवा अभियान के तहत ग्राम पंचायत महाजन में आयोजित शिविर के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सुपोषण दिवस एवं गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी केन्द्र पर पौष्टिक आहार की प्रदर्शनी लगाई गई और ग्रामीण महिलाओं को संतुलित आहार, सुपोषित माँ – स्वस्थ शिशु के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। इसी अवसर पर गर्भवती महिला कमला देवी की गोद भराई की गई। आंगन मिलन सेवा समारोह कार्यक्रम के तहत गर्भवती महिला का आंगनबाड़ी केन्द्र पर ऑनलाइन पंजीकरण किया गया, जिससे उन्हें विभागीय योजनाओं का लाभ मिल सके। इस दौरान शिविर प्रभारी नायब तहसीलदार सुरेश कुमार डारा, विभागीय नोडल अधिकारी मंजू चांगरा, महिला पर्यवेक्षक अमृतपाल कौर एवं सह प्रभारी सुलोचना सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रही।




# 'साइबर सुरक्षित राजस्थान' विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## डिजिटल अरेस्ट, डीपफेक और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के बताए उपाय

**बीकानेर श्रेयांस बैद 26 सितंबर।** राजकीय विधि स्नातकोत्तर महाविद्यालय में साइबर जागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार को 'साइबर सुरक्षित राजस्थान' विषय पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन एवं विद्यार्थियों को बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना तथा सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. भगवाना राम बिश्नोई एवं मुख्य वक्ता प्रशांत जोशी, प्रवक्ता कंप्यूटर, द्वारा मां सरस्वती की वंदना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रशांत जोशी, लेक्चरर (सीएसई), ने डिजिटल युग में बढ़ते साइबर खतरों और उनसे बचाव के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने भारत सरकार के विभिन्न साइबर सुरक्षा पोर्टल sancharsaathi.gov.in, cyber-crime.gov.in एवं ceir.gov.in के बारे में जानकारी देते हुए इनके उपयोग एवं महत्व को समझाया। जोशी, प्रवक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, ने भी रिसोर्स पर्सन के रूप में साइबर सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी प्रदान की।

प्राचार्य प्रो. भगवाना राम बिश्नोई ने साइबर अपराधों के कानूनी पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए साइबर अपराध की स्थिति में उपलब्ध कानूनी प्रावधानों एवं सावधानियों की जानकारी दी।कार्यक्रम संयोजक डॉ. किशन लाल कुम्हार ने बताया कि कार्यक्रम में वर्तमान समय में सामने आ रहे साइबर अपराधों, विशेष रूप से डिजिटल अरेस्ट, वीडियो कॉल धोखाधड़ी, डीपफेक फ्रॉड तथा कार्य-आधारित धोखाधड़ी के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही सोशल मीडिया एवं मोबाइल की सुरक्षित उपयोगिता के लिए सरल एवं प्रभावी सावधानियां भी बताई गईं।

कार्यक्रम के दौरान प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें उपस्थित प्रतिभागियों ने साइबर सुरक्षा से संबंधित प्रश्न पूछे और विशेषज्ञों से उनके समाधान प्राप्त किए। कार्यक्रम के अंत में ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी भी आयोजित की गई। आमजन staysafeon-line.in के माध्यम से साइबर जागरूकता से संबंधित प्रश्नोत्तरी में भाग लेने के साथ-साथ विभिन्न विषयों पर साइबर सुरक्षा की प्रतिज्ञा भी ले सकते हैं।

कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. किशन लाल कुम्हार ने किया। औपचारिक समापन के अवसर पर महाविद्यालय की प्रोफेसर कुमुद जैन ने सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय का शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों एवं उपस्थित प्रतिभागियों को साइबर अपराधों के प्रति सजग करने तथा सुरक्षित डिजिटल आदतों को अपनाने की दिशा में महत्वपूर्ण संदेश दिया।

# स्कूलों का 1 अक्टूबर से बदलेगा समय, इधर उठी स्कूल समय परिवर्तन की भी मांग

**बीकानेर।** प्रदेश की सरकारी स्कूलों में एक अक्टूबर से शीतकालीन समय लागू होना प्रस्तावित है। इसके तहत एक पारी में संचालित विद्यालयों का समय सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाना है। वहीं,वर्तमान में एक पारी वाले स्कूलों का संचालन सुबह 7:30 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया जा रहा है। हालांकि, समय परिवर्तन की तारीख नजदीक आने से पहले ही शिक्षक संगठनों ने इसे आगे बढ़ाने की मांग उठानी शुरू कर दी है।अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (विद्यालय शिक्षा) राजस्थान ने शिक्षा मंत्री को पत्र भेजकर मांग की है कि एक अक्टूबर के बजाय 16 अक्टूबर से विद्यालयों का समय बदला जाए। महासंघ का कहना है कि अक्टूबर के पहले पखवाड़े में प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में गर्मी का असर बना रहता है। ऐसे में सुबह के समय स्कूल शुरू करने की बजाय दोपहर तक चलने वाला वर्तमान समय विद्यार्थियों के लिए अधिक सुविधाजनक हो सकता है।

**छोटे बच्चों और ग्रामीण विद्यार्थियों का हवाला**

महासंघ ने अपनी मांग के पीछे विद्यार्थियों की सुविधा,सुरक्षा और स्वास्थ्य को प्रमुख आधार बनाया है। संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि यदि एक अक्टूबर से स्कूल सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक संचालित होते हैं तो प्राथमिक कक्षाओं के छोटे बच्चों को दोपहर बाद घर लौटना पड़ेगा। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों के लिए भी गर्म मौसम में यह व्यवस्था परेशानी पैदा कर सकती है।

**पहले भी बदली जा चुकी है समय परिवर्तन की तारीख**

राजस्थान में एक अक्टूबर से शीतकालीन समय लागू करने की व्यवस्था शिविरा पंचांग में निर्धारित रही है। सामान्य तौर पर एक पारी वाले स्कूलों का समय इस अवधि में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक रहता है। हालांकि,पिछले वर्षों में अक्टूबर की शुरुआत में तापमान अधिक रहने के क रण समय परिवर्तन की तारीख आगे बढ़ाई गई थी। वर्ष 2024 में भी गर्मी को देखते हुए ग्रीष्मकालीन समय 15 अक्टूबर तक बढ़ाया गया और 16 अक्टूबर से सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक शीतकालीन समय लागू किया गया था।

**अब शिक्षा विभाग के फैसले पर नजर**

इस बार भी मौसम को देखते हुए शिक्षक संगठनों ने समय परिवर्तन की तारीख आगे बढ़ाने की मांग की है। फिलहाल 2026-27 के शैक्षणिक कैलेंडर में एक अक्टूबर से समय परिवर्तन का प्रावधान बताया गया है।ऐसे में अब निगाहें शिक्षा विभाग के अगले आदेश पर हैं। यदि विभाग शिक्षक संगठनों की मांग पर विचार करता है तो स्कूलों का वर्तमान प्रातःकालीन समय अक्टूबर के मध्य तक जारी रह सकता है। वहीं, यदि कोई संशोधित आदेश जारी नहीं होता है तो निर्धारित व्यवस्था के अनुसार एक अक्टूबर से स्कूलों का समय सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक हो जा एगा।

**पिछले चार वर्षों में से तीन बार 16 अक्टूबर से बदला था स्कूल टाइमिंग**

पिछले चार वर्षों यानी 2022 से 2025 तक राजस्थान में स्कूलों के समय में अक्टूबर के दौरान बदलाव की स्थिति देखें तो एक पैटर्न साफ दिखाई देता है। सामान्य व्यवस्था के अनुसार 1 अक्टूबर से शीतकालीन समय लागू होता है और एक पारी के स्कूल सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक संचालित होते हैं लेकिन 2022, 2023 और 2024 में गर्मी के कारण समय परिवर्तन को आगे बढ़ाया गया था। 2025 के शिविरा पंचांग में 1 अक्टूबर से ही स्कूलों का समय बदला गया।

**2022 में 1 अक्टूबर का बदलाव टला, 16 अक्टूबर से लागू**

शिविरा पंचांग के अनुसार 1 अक्टूबर 2022 से स्कूलों का समय सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे किया जाना था। लेकिन मौसम की असामान्य परिस्थितियों को देखते हुए शिक्षा विभाग ने समय परिवर्तन को 15 अक्टूबर तक स्थगित कर दिया। इस दौरान स्कूल सुबह 7:30 बजे से दोपहर 1 बजे तक चलते रहे। 16 अक्टूबर को रविवार होने के कारण वास्तविक रूप से स्कूलों में नया समय 17 अक्टूबर 2022 से लागू हुआ।

**2023 में भी 1 अक्टूबर की जगह 16 अक्टूबर से बदलाव**

2023 में भी गर्मी के कारण स्कूलों का समय 1 अक्टूबर से नहीं बदला गया। शिक्षा विभाग ने शीतकालीन समय 16 अक्टूबर 2023 से लागू कि या। इसके बाद एक पारी वाले स्कूल सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक संचालित होने लगे। दो पारी वाले स्कूलों में पहली पारी सुबह 7:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे और दूसरी पारी दोपहर 12:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक रखी गई।

**2024 में भी 1 अक्टूबर से बदलाव नहीं हुआ**

2024 में भी यही स्थिति बनी। शिविरा कैलेंडर के अनुसार 1 अक्टूबर से शीतकालीन समय लागू होना था, लेकिन गर्मी को देखते हुए शिक्षा विभाग ने इसे 15 अक्टूबर तक टाल दिया। इस दौरान स्कूल सुबह 7:30 बजे से दोपहर 1 बजे तक चलते रहे। शीतकालीन समय 16 अक्टूबर 2024 से लागू किया गया और एक पारी के स्कूलों का समय सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे कर दिया गया।

**2025 में एक अक्टूबर से ही हुआ था स्कूलों का समय परिवर्तन**

2025-26 के शिविरा पंचांग में स्पष्ट रूप से 1 अक्टूबर 2025 को विद्यालय समय परिवर्तन की तारीख निर्धारित की गई थी। इसके अनुसार एक पारी के स्कूलों का समय सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे और दो पारी वाले स्कूलों का समय सुबह 7:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक निर्धारित था। उपलब्ध पंचांग में 1 अक्टूबर को ही समय परिवर्तन दर्ज है।

# राष्ट्रीय राजमार्ग पर जरूरत पडऩे पर अब जल्द पहुंचेगी मदद

## एआई टेक्नोलॉजी से जुड़ेगा 1033 हेल्पलाइन नंबर

**बीकानेर (खबर आस पास)।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहन खराब होने,हादसा होने या चिकित्सा सुविधा की जरूरत पडऩे पर अब मदद और तेजी से पहुंचाने की तैयारी है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने अपने हेल्पलाइन नंबर 1033 को एआई में जोडऩे जा रहा है। इसके बाद कॉल करने वाले की जगह और समस्या के आधार पर सबसे नजदीकी एंबुलेंस,क्रेन या गश्त करने वाले वाहन को मौके पर जल्द से जल्द भेजने में मदद मिलेगी। एआई का उपयोग अलग-अलग भाषाओं की कॉल समझने में भी उपयोग किया जाएगा। आपात की स्थिति में मानवीय ऑपरेटर की भूमिका भी महत्वपूर्ण रहेगी। प्राधिकरण की प्रवर्तित कंपनी इंडियन हाईवेज मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड ने नई पीढ़ी की हेल्पलाइन नंबर और कॉल सेंटर विकसित करने के लिए कंपनियों एवं संगठनों से प्रस्ताव मांगे है। दुर्घटना के समय पीड़ित को जल्द सहायता पहुंचाने के लिए हेल्पलाइन को अपडेट किया जा रहा है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार इन मार्गो पर रोजाना औसतम तीन सौ से ज्यादा दुर्घटनाएं होती है।

# जयमलसर में गोवंश के साथ दुष्कर्म का मामला, आरोपी गिरफ्तार

**नाल/बीकानेर (खबर आस पास)।** नाल थाना क्षेत्र के जयमलसर गांव में गोवंश के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए नाल पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी सुरेन्द्र सिंह निवासी जयमलसर को गिरफ्तार किया। नाल थानाधिकारी विकास विश्नोई ने बताया कि मामले में पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी में एएसआई सुभाष, हेड कांस्टेबल गौरीशंकर, हेड कांस्टेबल जगदीश एवं कांस्टेबल पवन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# नोखा के आंगनबाड़ी केंद्रों में मनाया आंगन मिलन सेवा समारोह




**नोखा (खबर आस पास)।** आंगनबाड़ी केंद्र 1 से 15 नोखा में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित हुआ। उसमें कार्यक्रम में बीकानेर देहात की जिला सह कोषाध्यक्ष एवं महिला मोर्चा बीकानेर जिले की महामंत्री आरती संचेती द्वारा आंगन बाड़ी कार्यकर्ता सहायिका व आशा सहयोगिनी का सम्मान किया गया। इस मौके पर लाभार्थी बहिनों की गोद भराई की रस्म और बच्चों का अन्नपाशन किया गया। इस कार्यक्रमों की मुख्य अतिथि आरती संचेती ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के सेवा माह के तहत त्रिदिवसीय आंगन मिलन समारोह मनाया जा रहा है, जिसके तहत महिला मोर्चा भाजपा की टीम प्रत्येक आंगन बाड़ी केंद्र पर जाकर कार्यक्रम कर रही है। इस कार्यक्रम में पार्षद जयश्री भूरा, कलावती सोनी, ज्योति पंचारिया, मंजू पंचारिया, मंजू नाई, अरुणा पंवार, सरिता, उर्मिला, राखी, गायत्री देवी, विमला, बिंदु, गायत्री, कौशल्या, मनका सहित विभिन्न सहायिका व आशा शामिल थी।

# प्रांतीय गणित विज्ञान मेले में नोखा की छात्राओं ने फहराया परचम




**नोखा (खबर आस पास)।** श्रीमती सावित्री देवी गट्टाणी बालिका आदर्श विद्या मंदिर की छात्राओं ने प्रांतीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए विद्यालय व बीकानेर जिले का नाम रोशन किया है। विद्या भारती द्वारा आयोजित प्रांतीय विज्ञान मेला जालौर में संपन्न हुआ, वहीं प्रांतीय गणित मेले का आयोजन बाली के तख्तगढ़ में 22 सितंबर शाम से 24 सितंबर दोपहर तक किया गया। जिला स्तर से चयन के पश्चात विद्या मंदिर के गणित विषय में 6 छात्राओं एवं विज्ञान विषय में 9 छात्राओं ने प्रांतस्तर की इन प्रतियोगिताओं में भाग लिया। प्रांतीय गणित मेले के 'किशोर वर्ग-गणित प्रयोग में विद्यालय की छात्रा सुमन सोनी ने प्रांत स्तर पर द्वितीय स्थान हासिल कर राजस्थान क्षेत्र की आगामी प्रतियोगिता में अपना स्थान बनाया। वहीं प्रांतीय विज्ञान मेले में तरुण वर्ग की छात्रा भाविनी डूडी ने भौतिक विज्ञान प्रयोग में तथा चंचल कंवर ,खुशबू गोयल , खुशबू कंवर ने विज्ञान प्रश्न मंच में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। ये छात्राएं आगे ब्यावर में आयोजित क्षेत्रीय विज्ञान मेले में सहभाग करेगी। विद्या मंदिर के कार्यक्रम में छात्रों को प्रबंध समिति के ओमप्रकाश बिश्नोई, महावीर पारीक व अभिभावक भगवानसिह सोढ़ा ने छात्रों को सम्मानित किया। प्रधानाचार्य भागचंद बिश्नोई ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।